MR. CHAIRMAN:That is enough. Now, the question is over.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, it is totally premature not to say where a part of this Fund will be invested because we do not have the fund yet. It is only when the fund is created, the fund will earn a return. The corpus will be preserved. It is only when the fund earns a return, it is invested. Out of that return, a portion will be invested in revivable and profitable public sector enterprises. I think, it is highly premature to say anything now.

*544. [The questioners (Shrimati Kum Kum Rai And Shri Pramod Mahajan) were absent. For answer *vide* page 33].

एलायंस एयर के विमानों का खराब रखरखाव

†*545. **श्री मंगनी लाल मंडल:††**
श्री उदय प्रताप सिंह:

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स की एक सहायक कम्पनी, एलायंस एयर के अनेक विमानों के इंजन जर्जर, त्रुटिपूर्ण और तकनीकी आधार पर खराब हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि एलायंस एयर के विमानों के परिचालन में दुर्घटना की प्रबल आशंका होने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रफुल्ल पटेल): (क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) जी, नहीं

(ख) और (ग) एलायंस एयर बेड़े के विमान उड़ान योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए इनका रख-रखाव विमान विनिर्माताओं तथा नागर विमानन महानिदेशक द्वारा यथा निर्धारित अनुरक्षण सूची के अनुसार किया जाता है। एलांइस एयर के विमानों के इंजनों के निरीक्षण/ओवरहॉल के लिए एक नियमित और समयबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है।

---

†मूल अंग्रेजी में

††सभा में यह प्रश्न श्री मंगनी लाल मंडल द्वारा पूछा गया।

Poor maintenance of Aircrafts of Alliance air

†*545. SHRI MANGANI LAL MANDAL:††

SHRI UDAY PRATAP SINGH:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the engines of many aircrafts of Alliance Air, a subsidiary of Indian Airlines, are dilapidated, defective and technically out of order;

(b) whether it is also a fact that despite strong possibility of accidents in flying the aircrafts of Alliance Air, no attention is being paid in this regard; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI PRAFUL PATEL): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) No, Sir

(b) and (c) The aircraft in the fleet of Alliance Air are maintained in an airworthy condition by carrying out scheduled maintenance, as stipulated by manufacturers and approved by Director General of Civil Aviation. There is a regular and time bound programme of inspection/overhaul of engines of Alliance Air aircraft.

श्री मंगनी लाल मंडल: महोदय, सरकार का जो लिखित उत्तर आया है, वह बहुत संतोषप्रद नहीं है और गोल-मटोल जवाब दिया गया है। उसमें यह कहा गया है कि अनुरक्षण और निरीक्षण के लिए समयबद्ध कार्यक्रम है। जो नए विमान शामिल होते हैं, नए एयर क्राफ्ट शामिल होते हैं, उनके लिए भी यह मानदंड है। पटना में तीन साल पहले एलायंस एयर का विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। विमानपत्तन पर उतरते समय, उसके इंजन में आग लग गई और वह उतर नहीं सका। वह विमान रन-वे से दूर जाकर, दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग मर गए थे। सरकार ने उसकी जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी। जांच समिति की जो रिपोर्ट आई है, सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की, कुछ पता नहीं है। मैं यह जानना चाहता हूं कि एलायंस एयर की दुर्घटना की जांच के लिए, जो विशेषज्ञ जांच समिति थी, उसकी रिपोर्ट में यह कहा गया था कि जर्जर विमान हैं, बहुत पुराने विमान होने के कारण ही ...(व्यवधान)...

†Original notice of the question was received in Hindi.

††The question was actually asked on the floor of the House by Shri Mangani Lal Mandal.

श्री सभापति: ठीक है, ठीक है, आप क्वेश्चन करिए।

श्री मंगनी लाल मंडल: यह विमान दुर्घटना ग्रस्त हुआ है। मैं सरकार से इसके बारे में जानना चाहता हूं?

श्री प्रफुल्ल पटेल: सभापति महोदय, यह जो प्रश्न है, हम इसका जवाब देने के मामले में, कहीं भी नहीं कतरा रहे हैं। सवाल यह है कि ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप जवाब तो अच्छा दे रहे हैं लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हो रहे हैं।

श्री प्रफुल्ल पटेल: इसलिए आप ने यह कहा कि हमने गोल-मोल जवाब दिया है।

श्री मंगनी लाल मंडल: महोदय, सरकार ने कहा है कि जर्जर विमान नहीं हैं ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: चलिए-चलिए, बोलिए और जवाब लीजिए नहीं तो क्वेश्चन समाप्त हो जाएगा।

श्री मंगनी लाल मंडल: जांच समिति ने यह रिपोर्ट दी है कि जर्जर विमान हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: यह गरीबी हेलीकॉप्टर की तरह चलते हुए निकल जाएगी।

श्री प्रफुल्ल पटेल: मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि कोई भी विमान, जिसको भारत में उड़ान की अनुमति है, एयर वर्दी होने के अलावा उसमें कहीं भी कोई डेफिसिएंसी हो तो उसको उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जाती है। चाहे वह हवाई जहाज बीस साल पुराना हो, पच्चीस साल पुराना हो या ब्रांड न्यू हो।

श्री सभापति: हो गया।

श्री प्रफुल्ल पटेल: एयर वर्दीनेस को बिना जांचे, बिना उसकी जांच किए या उसका एयर वर्दी पाये बिना, उसको एलाऊ नहीं किया जाता है, लेकिन हम सब लोग जानते हैं कि जो एलायंस विमान की आयु है, वह काफी है। इनकी आयु काफी होने से, इन विमानों का जो डाउन टाइम है, वह मेंटिनेंस के लिए, या उसको ठीक रखने के लिए, अन्य जहाजों की तुलना में ज्यादा है।

श्री सभापति: ठीक है, ठीक है, हो गया।

श्री मंगनी लाल मंडल: महोदय, आयु के बारे में माननीय मंत्री जी ने उल्लेख किया है, लेकिन मैं यह भी जानना चाहता हूं कि एलायंस् एयर में कितने विमान हैं और विमानों में उनकी समयावधि कितनी है, उनकी आयु सीमा कितनी निर्धारित की गई है? उस आयु सीमा को पार करके, कितने ऐसे विमान हैं, जिनका परिचालन अभी होता है? क्या सरकार उनको बदलकर, नए विमान खरीदकर, इस व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना चाहती है? महोदय, मैं केवल पटना के बारे में नहीं, बल्कि पूरे एलायंस एयर के बारे में बता रहा हूं।

श्री सभापति: आप इनको जानकारी भेज दीजिए।

श्री प्रफुल्ल पटेल: सर, मैं आपको एक मिनट में बता देता हूं। हमारे पास जो बोईंग 737, 200 एयर क्राफ्ट एलांयस है, इनकी संख्या 11 है। इनकी एवरेज ऐज साढ़े तेईस साल है। मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि जो भी हवाई जहाज हैं, जब वे एयर वर्दी पाए जाते हैं तभी वे उड़ते हैं। इसमें कहीं पर भी कोई कमी नहीं है, लेकिन जो आपने कहा है, मैं उसके साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि अभी एलायंस एयर के नए हवाई जहाज ऑलरेडी लीजिंग की प्रक्रिया में हैं। इंटरनेशनल लीजिंग मार्किट थोड़ी फर्म अप होने की वजह से इस प्रक्रिया में थोड़ा विलम्ब जरूर हुआ है, लेकिन इसकी प्रक्रिया हमने पिछले वर्ष ही शुरू कर दी थी। जब जक वह कांट्रेक्ट साइन नहीं हो जाता, मैं यह तो नहीं कह सकता हूं, लेकिन मुझे उम्मीद जरूर है कि हमें इस वर्ष के अंत तक, एलायंस एयर के लिए नए जहाज लीजिंग पर प्राप्त होंगे और माननीय वित्त मंत्री जी की रहम नजर हमारे ऊपर रहेगी।

श्री उदय प्रताप सिंह: सभापति जी, मं माननीय मंत्री जी से एक बात पूछना चाहता हूं, जैसा कि अभी कई माननीय सदस्यों ने कहा कि हमारे यहां दिनों-दिन यात्रियों की संख्या बढ़ रही है, ट्रैफिक भी बढ़ रहा है। एयर लाइंस के बारे में यह आम धारणा है ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप क्वेश्चन कर लीजिए, हमारे पास टाइम नहीं है।

श्री उदय प्रताप सिंह: अन्य विमानों की सेवाओं की तुलना में हमारे एयरलाइन्स की हालत पतली है। रखरखाव का मतलब सिर्फ यह नहीं होता कि कुछ कलपुर्जों, जिनकी उम्र निर्धारित होती है, उनको बदल देना है, इसमें आम रख-रखाव, सफाई आदि भी हैं। इसमें यात्रियों को और सुविधा दें और आपकी विश्वसनीयता अन्य विमान सेवाओं के बराबर हो, क्या इसके लिए माननीय मंत्री जी कुछ कर रहे हैं या करने का विचार कर रहे हैं?

श्री प्रफुल्ल पटेल: सभापति जी, जहां तक इण्डियन एयरलाइंस का सवाल है, इण्डियन एयरलाइंस की परिस्थिति पहले से काफी बेहतर है। इस तरह की जो सेवाएं हैं, उसमें यात्रियों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। साथ ही साथ इनकी देखरेख और आपने जो अन्य बातें कही हैं, उन पर भी काफी ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों के परसेप्शन में जो थोड़ी दिक्कत हो रही है, वह एलायन्स एयर विमानों की जरूर है, क्योंकि ये विमान वैसे ही बहुत पुराने हैं। मैं कहना चाहता हूं कि एक एवरेज में हम ग्यारह में से सिर्फ छह हवाई जहाजों को फिलहाल रेग्युलरली इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि ऐसी कोई बात न हो, जिससे यात्रियों को असुविधा हो। डाउनटाइम इन एयरक्राफ्ट् कुछ कम होने की वजह से हमने कुछ एयरक्राफ्ट्स की यूटिलाइजेशन कम कर दी है।

*546. [The questioners (Shri Rama Muni Reddy Sirigireddy and Shri K. Rama Mohana Rao) were absent. For answer *vide* page 34].

*547. [The questioner (Shri Ved Prakash P. Goyal) was absent. For answer *vide* page 35].